## स्पीड न्यूज

### तैयारी बैठक में शामिल हुए सांसद



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद सह पलामू से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम जिला कार्यालय में 5 अप्रैल 2024 को पूर्व मुख्यमंत्री सह भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का डालटनगंज विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर बैठक में शामिल हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, विधायक आलोक चौरसिया, वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा, उदय शुक्ला, प्रमोद सिंह, विनोद सिंह, अखिलेश तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, विभाकर नारायण पांडेय, जिप सदस्य छोटन सिंह सहित मंडल अध्यक्ष उपस्थित थे।

### रामनवमी को लेकर कमेटी का गठन



**मोहम्मदगंज।** रामनवमी को लेकर बुधवार को देवी मंदिर प्रांगण में प्रबुद्ध लोगों की बैठक हुई। जिसमें लोगों ने सर्वसम्मति से एक कमेटी बनायी। इसमें नीरज कुमार उर्फ दीपू लाल अध्यक्ष, दिलीप सिंह कोषाध्यक्ष, सिद्धार्थ कुमार सचिव समेत अन्य राकेश सिंह, विवेक बंटी, विनय मेहता, पप्पू मेहता, कमलेश मेहता, सन्नी कुमार, प्रभात सिंह को कमेटी का सक्रिय सदस्य चुने गये हैं। मौके पर घनश्याम प्रसाद, मंटू दास, अभय कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

### आज मनेगी वीर बाबा चौहरमल जयंती



**हरिहरगंज पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र के मेन रोड भगत तेंदुआ स्थित वीर बाबा चौहरमल तथा दिवंगत रामविलास पासवान मंदिर परिसर में गुरुवार को वीर बाबा चौहरमल जयंती मनायी जायेगी। इसे लेकर बुधवार को सेमरवार गांव में बैठक हुई। जिसमें वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष संदीप पासवान मौजूद थे। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामजी पासवान तथा संचालन सेमरवार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने किया। बैठक में वीर बाबा चौहरमल जयंती समारोह धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर डॉ संजय कुमार, अखिलेश पासवान , मुकेश पासवान, राजकुमार पासवान, विनय पासवान परीखा पासवान थे।

### सदस्यों ने तोलरा में किया भिक्षाटन



**विश्रामपुर, पलामू।** देशभर में रामनवमी की तैयारी जोरों पर है। कमेटी जगह-जगह भिक्षाटन कर रही है। विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव में विजयनाथ तिवारी सेवानिवृत शिक्षक के घर से ग्रामीण एवं कमेटी के लोगों ने सहयोग राशि लेकर शुरुआत की। मौके पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, तोलरा उपमुखिया कुश तिवारी, समाजसेवी गोखुल तिवारी, संजय तिवारी, भाजपा नेता धीरन तिवारी, सूर्यकांत तिवारी, रामानंद तिवारी, दिलीप तिवारी, मुकेश तिवारी थे।

### पुलिस ने देसी शराब की भट्ठी किया ध्वस्त



**हरिहरगंज पलामू।** भांवर के समीप पहाड़ की तलहटी स्थित अवैध शराब भट्ठी के विरुद्ध पुलिस ने बुधवार को छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी की भनक लगते ही शराब धंधेबाज शराब छोड़ फरार हो गये। छापेमारी अभियान का नेतृत्व पथरा ओपी प्रभारी एएसआई मंटू कुमार कुमार कर रहे थे। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि छापेमारी में एक क्विंटल जावा महुआ, 100 लीटर निर्मित देसी महुआ शराब तथा छह ड्राम एवं उपकरण मौके पर नष्ट किया गया।

### पड़वा में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट छह से



**मेदिनीनगर।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पड़वा प्रखंड प्रशासन विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक कर रहा है ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। इसी कार्यक्रम के तहत पड़वा बाजार के बगल में स्थित मैदान में दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। पड़वा बीडीओ चंदद्रेव प्रसाद ने बताया कि 06 एवं 07 अप्रैल को पड़वा के बाजार मैदान में निर्वाचन का स्वीप कार्यक्रम किया जाना है। जिसका शुभारंभ 06 को शाम 5 बजे होगा। शाम 5 बजे से यह कार्यक्रम प्रारम्भ होगा जिसमें 4 क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। कुल 8 टीम हैं।

### प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के नये अध्यक्ष को नामधारी ने दिया मार्गदर्शन



**मेदिनीनगर।** प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव एवं कोर कमेटी के पदाधिकारी ने इंदर सिंह नामधारी से मुलाकात कर संगठन को आगे बढ़ाने संबंध में मार्गदर्शन प्राप्त किया। श्री नामधारी ने कहा कि प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन झारखंड के गठन के समय से ही गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए वरदान की तरह सदैव कार्य किया है। मैं स्वयं इस संगठन का मुख्य संरक्षक होने के नाते हमेशा संगठन के गतिशील प्रयास को बल देता रहूंगा ताकि यह संगठन और भी बेहतर कार्य भविष्य में कर सके। श्री नामधारी ने संगठन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव, सचिव दिव्येंदु गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष आनंद कुमार को माला पहनाकर उन्हें शुभकामना दी।

# रेहला पुलिस ने देसी कट्टा के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला पुलिस ने मंगलवार की शाम एक व्यक्ति को देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार दास ने बताया कि लोस चुनाव के मद्देनजर लगातार एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को देर शाम एनएच 75 पर कमता गांव के पास वाहन जांच चल रहा था.इसी बीच एक व्यक्ति पड़वा मोड़ की ओर से मोटरसाइकल द्वारा आ रहा था। पुलिस को देखकर वह वापस भागने का प्रयास करने लगा। संदेश होते ही पुलिस जवानों ने घेरकर उसे पकड़ लिया। शारीरिक सर्च के दौरान उसके कमर से एक देशी कट्टा मिला। गहन जांच के बाद एक जिंदा कारतूस भी उसके पास से बरामद किया गया। पुलिस ने उसकी सुपर स्प्लेंडर बाइक (जेएच 03 एल 9003) को भी जप्त कर लिया। थाना प्रभारी श्री दास ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत घरटिया गांव निवासी सुरेश सिंह के पुत्र अशोक सिंह (36) के रूप में हुई है। उस पर आयुध अधिनियम के रेहला थाना कांड संख्या 28/27-धारा 25 (1-बी) ए /26 दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच अभियान में कई पुलिस पदाधिकारी व जवान शामिल थे।



पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त।

# डीइओ ने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम व केंद्रीय सुरक्षा बलों के लिए सुविधाओं को लेकर की समीक्षा, दिये निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक कर इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम हेतु चिन्हित कीये गये स्ट्रांग रूम व इन स्ट्रांग रूम में उपलब्ध सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का समीक्षा किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में पानी, बिजली, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था रहे, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के दृष्टकोण से भी सभी आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने पर बल दिया। उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम हेतु निर्धारित परिसर, मतदानकर्मियों तथा सुरक्षा बलों के आवासन में प्रयुक्त होने वाले भवन में अनिवार्य रूप से रनिंग वाटर की सुविधा उपलब्ध रहे यह सुनिश्चित करें साथ ही चार्जिंग पॉइंट पर भी बल दिया। इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के पश्चात डीईओ श्री रंजन ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के आवासन के लिये चिह्नित भवन, परिसर में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए जहां आवश्यकता हो वहां शौचालय निर्माण कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कहीं पानी की समस्या है तो वहां टैंकर के माध्यम से पानी की उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि कहीं भी शौचालय संबंधी समस्या, आवास संबंधी समस्या, पानी संबंधी समस्या, बिजली संबंधी समस्या हो तो उसका ससमय निराकरण करने की बात कही।

हुसैनाबाद के घाघरा-हरैया से उत्पाद विभाग व स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

# 15 हजार किलो जावा महुआ व 250 लीटर शराब किया नष्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** उपायुक्त पलामू शशी रंजन व एस पी रिश्मा रमेशन के निदेर्शानुसार हुसैनाबाद थाना के घाघरा व हरैया गांव के पहाड़ी की तलहटी में उत्पाद विभाग व हुसैनाबाद थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। पहाड़ी की तलहटी के बीचोबीच ड्रम व जमीन में गड्ढा खोदकर प्लास्टिक में जावा महुआ तैयार किया जा रहा था। ताकि किसी को पता नहीं चल सके इन सबके बावजूद पुलिस टीम द्वारा जमीन के अंदर छुपाकर रखे जावा महुआ का भंडाफोड़ करते हुए कुल 15 हजार किलोग्राम जावा महुआ, 250 लीटर शराब के साथ कई भट्ठी को ध्वस्त कर सभी को विनष्ट किया। छापामारी दल को देखकर अवैध शराब निमार्ण एवम बिक्री में संलिप्त कारोबारी फरार हो गये। इस संबंध में उत्पाद विभाग ने बताया कि उपायुक्त पलामू व एस पी रीष्मा रमेसन के निर्देशानुसार व हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के आदेशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत इस तरह का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के पहाड़ी व सोन नदी के डीला पर पुलिस पैनी नजर रखी हुई है। इस शराब के अवैध कारोबारियों के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज किया है। जिसमें फरार अभियुक्त उमेश रजवार, हरेंद्र यादव, सनोज यादव, विजय यादव, बंडोल यादव के विरुद्ध गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। इन सभी आरोपी पर फरार अभियोग दर्ज किया गया है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मचा है।

# पलामू की बिजली व्यवस्था को ले केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र

- पलामू प्रमंडल के सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केवीए संचरण लाइन के चार टावर ध्वस्त होने से आपूर्ति चरमरा गयी है

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने केंद्रीय विद्युत मंत्री को पत्र लिख कर कहा है कि विगत दिनों आए आंधी- तूफान में झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केवीए संचरण लाइन के चार टावर ध्वस्त हो जाने के कारण पलामू के कुछ भाग में विद्युत आपूर्ति की स्थिति चरमरा गयी है। फलस्वरुप जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। उन्होंने कहा है कि पलामू जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप शुरू हो चुका है। पारा 42 डिग्री से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर जनजीवन पर पड़ने वाले कुप्रभाव की सहज कल्पना की जा सकती है।



विधायक ने झारखंड प्रदेश के पलामू प्रमंडल अंतर्गत सेंट्रल ग्रिड लहलहे-भगोडीह 220 केवीए संचरण लाइन के सभी क्षतिग्रस्त टावर का युद्ध स्तर पर मरम्मत कराकर यथाशीघ्र निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का आग्रह किया है। जब तक क्षतिग्रस्त टावर की मरम्मति नहीं हो जाती है, तब तक विद्युत आपूर्ति हेतु वैकल्पिक व्यवस्था कराने की मांग की है। जिससे इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

# चुनाव बहिष्कार के बैनर के साथ नक्सली समर्थक गिरफ्तार, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हरिहरगंज पलामू।** झारखंड विशेष शाखा से प्राप्त इनपुट तथा पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर पिपरा पुलिस ने भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के लिए कार्य कर रहे पिपरा थाना क्षेत्र के बनाही गांव निवासी पंकज प्रजापति को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य पंकज प्रजापति लोकसभा चुनाव 2024 के बहिष्कार करने हेतु अपने घर से नक्सली समर्थित पोस्टर बनवाकर माओवादी को देने के लिए जानेवाला है । वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद छतरपुर एसडीपीओ नौशाद आलम तथा पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर दबिश देने पर पंकज प्रजापति के पास से एक पीला थैला में लाल रंग के बैनर जिसपर उजला रंग से भाकपा माओवादी द्वारा 18 वीं लोकसभा चुनाव बहिष्कार करने की बात लिखा हुआ सात बैनर सहित एक मोबाइल बरामद किया गया।



# अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में आज भी हो रहा है बाल विवाह : प्रो राज मोहन

- बाल विवाह का मूल कारण अशिक्षा है : प्रभारी प्राचार्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**छत्तरपुर (पलामू)।** छत्तरपुर गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज सड़मा छतरपुर में लेखन प्रतियोगिता हुई, जिसमें झारखंड के अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में बाल विवाह विषय रहा जिसमें बाल विवाह के कारण, दुष्परिणाम, उन्मूलन, कानूनी प्रयास, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं की भूमिका पर अपनी बात रखी। समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो राज मोहन ने विषय प्रवेश करते हुए कहा कि पलामू के सुदरवर्ती क्षेत्रों में अनुसूचित जाति एवं जनजातियों में अशिक्षा के कारण आज भी बाल विवाह हो रहे है। प्रभारी प्राचार्य प्रो जितेंद्र कुमार ने कहा कि बाल विवाह के प्रमुख कारणों में अशिक्षा प्रमुख है। यहां शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता लाने की जरूरत है। प्रो अमित कुमार ने ऐतिहासिक परिपेक्ष एवं इसके दुष्परिणाम पर प्रकाश डाला। समाजशास्त्र विभाग की छात्राओं ने सभी अतिथियों को आरती, रोड़ी-चंदन, पुष्प वर्षा और स्वागत गान सभी का स्वागत की।



### बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**पाटन पलामू।** गुप्त सूचना के आधार पर पाटन थाना पुलिस ने बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया है। ट्रैक्टर पाटन थाना अंतर्गत सकलदीपा के जयंत सिंह का बताया जा रहा है। पाटन प्रखंड में इन दिनों बड़े पैमाने पर अवैध बालू ढुलाई रात्रि में हो रही है और बालू माफिया मालामाल हो रहे हैं। पाटन पुलिस बालू लदा जब्त ट्रेक्टर को आगे की कारवाई हेतु जिला खनन विभाग को भेजा जा रहा है।

### डाला कला में साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ



**पांडू पलामू।** पांडू प्रखंड के पंचायत भवन डाला कला के प्रांगण में आज दिन बुधवार से साप्ताहिक बाजार का शुभारंभ किया गया। जिसके लिए पूर्व से प्रयासरत डाला कला पंचायत के मुखिया रामबाबू यादव पांडू प्रमुख प्रतिनिधि प्रदुम्न कुमार सिंह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शम्भू शरण सिंह पूर्व उप प्रमुख प्रतिनिधि बैजनाथ सिंह ने इसका उद्घाटन किया एवम साप्ताहिक बाजार में उपस्थित सभी दुकानदारों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया और बताया कि इस बजार से पंचायत के दुकानदारों को आय का स्रोत बड़ेगा वही सभी उपभोक्ताओं को रोजमर्रा के वास्तु के लिए बेहतर सुविधा मिलेगा। कोई भी काम को सुरु करने के बाद ही आगे विशाल रूप हो जाता है। मौके पर राजमुनी राम नीरज कुमार शकुंतला देवी प्रदीप यादव मनु ठाकुर बरूण बैठा चंदन सिंह प्रणव कुमार मल्लू राम सुमंत यादव भी थे।

### देसी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार जेल



**तरहसी पलामू।** तरहसी थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया मोड़ के पास एक व्यक्ति हथियार के साथ संदिग्ध अवस्था में है इसकी गुप्त सूचना एसपी रीष्मा रमेसन को प्राप्त हुआ। एसपी ने इस पर त्वरित कार्रवाई करने के लिए प्रशिक्षु आईपीएस गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में छापेमार दल का गठन किया। इसके बाद श्री गोस्वामी ने तरहसी थाना प्रभारी के साथ छापामारी करने के लिए जैसे ही पकरिया मोड़ के पास पहुंचे कि संदिग्ध अवस्था में खड़ा व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। इस संबंध में एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति शशिकांत शर्मा पिता स्व विनोद मिस्त्री ग्राम कोइरियाडीह थाना तरहसी के पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया गया। इससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शशिकांत वर्ष 2018 में तरहसी थाना क्षेत्र के कोईरियाडीह गांव में दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान गोली चालन की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें गोली उसी के पैर में लगी थी। इस मामले की पूरी जांच की जा रही है।

# युवा-मजदूर ठगी के शिकार

- जपला बाजार क्षेत्र में अवैध गेसिंग लॉटरी का धंधा जोरों पर



खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** नगर पंचायत क्षेत्र में अवैध लॉटरी और गेसिंग गेम युवाओं और मजदूरों के लिए एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। यह विवादित कारोबार नवजवानों और आमजन के बीच आर्थिक और सामाजिक स्थिति को प्रभावित कर रहा है जो बढ़ते खतरे की घंटी है। अवैध लॉटरी और गेसिंग गेम के द्वारा लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया जा रहा है। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति की हानि हो रही है। इसमें संचालक द्वारा ऑनलाइन एक नंबर का चयन करने को बोला जाता है। जिसका एक नम्बर का लागत मूल्य 12 रुपये हैं नम्बर लगने पर एक सौ रुपये का भुगतान ग्राहक को किया जाता है। सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रत्येक एक घंटे पर यह गेसिंग नंबर का धंधा चालू रहता है।


### 50 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के अंबा मुहल्ला में शराब कारोबारी द्वारा शराब बेचे जाने की सूचना मिलने पर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने छापेमारी कर 50 लीटर देशी महुआ शराब के साथ शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार शराब कारोबारी महेंद्र पासवान के 20 वर्षीय पुत्र राजन कुमार अपने घर में महुआ शराब बनाकर रखा हुआ था। जिसे शराब के साथ बुधवार को गिरफ्तार किया गया।

# देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार, जेल

खबर मन्त्र संवाददाता





**विश्रामपुर पलामू।** रेहला पुलिस मंगलवार को संध्या गश्ती अपराध नियंत्रण के लिए कर रही थी। उसी दौरान पंडवा मोड़ की तरफ से एक व्यक्ति बाइक (जेएच 03 एल 9003) से आ रहा था। जैसे ही कमता के पास पहुंचा, तो देखा कि पुलिस वाहन चेकिंग कर रही है। वह भागने लगा, जिसे पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। एसपी रीष्मा रमेसन ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर अपराध नियंत्रण पर अंकुश लगाने के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों में दिवा-रात्रि व संध्या गश्ती पुलिस कर रही है। इसी दौरान रेहला पुलिस ने संध्या गश्ती कर वाहन चेकिंग कर रही थी। बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान अशोक सिंह पिता सुरेश सिंह ग्राम घोरटिया थाना विश्रामपुर मोटरसाइकिल से पहुंचा।

# आदर्श काशी प्रसाद पब्लिक स्कूल का 16वां वर्षगांठ धूमधाम से मना

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** मेदिनीनगर सदर प्रखंड के पोलपोल पंचायत के मधु नेभी गांव स्थित आदर्श काशी प्रसाद पब्लिक स्कूल का 16 वां वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रामदास साहू ने कहा कि सामाज में बदलाव के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा एक ऐसा कुंजी है, जिससे माध्यम से ज्ञान रूपी ताला को खोला जा सकता है। उन्होंने विद्यालय के संचालक काशी प्रसाद की प्रशंसा करते हुए कहा कि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में बीते 16 वर्षों से गरीब तथा असहाय बच्चों को कम खर्च में शिक्षा देना काफी सराहनीय कार्य है। इसके लिए जितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम होगी। श्री साहू ने कहा कि इस विद्यालय के विकास के लिए जो भी जरूरतें होगी उसे पुरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि भारत के शिक्षा के दर को ऊंचा करने में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों का बहुत बड़ा योगदान है। विद्यालय के संचालक काशी प्रसाद ने कहा कि हमारे विद्यालय के बच्चे अन्य विद्यालयों के बच्चों से किसी भी क्षेत्र कम नहीं है। दसवीं बोर्ड की परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चे प्रथम स्थान प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारा विद्यालय एक आवासीय विद्यालय है जहां पलामू प्रमंडल के अलावा अन्य कई जिलों के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यालय के बच्चों ने शिक्षा तथा समय के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वहीं विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुति दी। इसके पूर्व सभी अतिथियों को शॉल तथा बुके देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के बीच मुख्य अतिथि के द्वारा परीक्षा फल का अंक पत्र वितरण किया गया। मौके पर विद्यालय के



कार्यक्रम के दौरान बच्चों को सम्मानित करते अतिथि।

# महावीर नवयुवक दल जेनरल ने निकाला मंगलवारी जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**चैनपुर पलामू।** शाहपुर में श्री राम जय जय श्री राम के जयकारे के साथ मंगलवार की रात महावीर नवयुवक दल जेनरल शाहपुर के तत्वाधान में मंगलवारी जुलूस गाजे-बाजे के साथ निकाला गया। इसमें पारंपरिक अस्त्र-शस्त्रों व महावीरी झंडा के साथ काफी संख्या में राम भक्त शामिल हुए। जुलूस विवेकानंद चौक से निकलकर पनेरीबांध रोड विवेकानंद नगर होते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला, कुम्हार मोहल्ला से निकलकर गढ़वा रोड हरिजन मोहल्ला से नगर भ्रमण करते हुए शाहपुर बाजार मोहल्ला स्थित महावीर मंदिर जूलुस पहुंचा और लाठी डंडे से लोगों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखायें। पूजा अर्चना के बाद जुलूस का समापन किया गया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों ने तलवार बाजी, लाठी डंडा आदि का खेल प्रदर्शन किया। इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह भी देखा गया। जुलूस में शाहपुर महावीर में युवक दल के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, भोला पांडे, अनिल जायसवाल, डब्ल्यू जायसवाल, सुनील गुप्ता, संजय जायसवाल, धीरज जायसवाल, राजेंद्र रवि, दिनेश पासवान, लवलेश प्रजापति, दीपक जायसवाल, राजेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, लड्डू जायसवाल, मिशु जायसवाल, गणेश जायसवाल, पप्पू जायसवाल, उजाला, धर्मेंद्र जायसवाल, भोला पांडे, रामजी जायसवाल आदि लोगों का नाम शामिल है।




## स्पीड न्यूज

### सीसीएलकर्मी की आकस्मिक निधन, शोक



**टंडवा।** मगध कोल परियोजना के विस्थापित नेता विनोद गंझू का भाई एवं मासीलौंग गांव निवासी सह सीसीएलकर्मी 28 वर्षीय विश्वकर्मा गंझू का आकस्मिक निधन हो गया है जिससे पूरे गांव में मातम का माहौल है। बताया गया कि विश्वकर्मा कई दिनों से बीमार थे जिनका इलाज मेदांता हॉस्पिटल रांची में चल रहा था। जहा बुधवार की सुबह अंतिम सांस ली। इधर इनके निधन पर जिप सदस्य सुभाष यादव, मुखिया विश्वजीत उराव, विस्थापित नेता शरबजीत गंझु, रामदेव गंझू, डब्लू आदि ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

### एसीबी के हत्थे चढ़े कर्मी को छह माह के अंदर मिला योगदान, लोगों में आक्रोश



**चतरा।** सीताराम रजक को 27 सितंबर 2023 को एसीबी ने गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में विकास योजना के नाम पर रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया था और उसे जेल भेज दिया गया था। दो फरवरी 2024 को उसे जमानत मिली और 16 मार्च को उसे हंटरगंज में 15वें वित्त का प्रखंड समन्वयक बना दिया गया। लोगों का कहना है कि सीताराम रजक को योगदान दिलाने में काफी जल्दबाजी की गई है और छोटे प्रखंड से बड़े प्रखंड की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसीबी के हत्थे चढ़े कर्मी को छह माह के अंदर योगदान मिलने से भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। जिले के कार्यालय में बिना चढ़ावा दिए कोई काम नहीं हो रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**चतरा।** चतरा डोभी मुख्य मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में धरधारा गांव के आकाश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हंटरगंज से मोटरसाइकिल गैरेज से अपना वाहन बनवाकर लौट रहे आकाश की एक विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो से आमने-सामने टक्कर हो गई। घायल आकाश को हंटरगंज अस्पताल लाया गया, जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दुर्घटना के बाद टेंपो चालक फरार हो गया।

### रामनवमी महा समिति की बैठक आज

**कोडरमा।** रामनवमी महासमिति की बैठक गुरुवार की संध्या 5 बजे से कोडरमा बाजार दुर्गा मंडप में, जिसमें रामनवमी महासमिति के नए दायित्वों के साथ महासमिति 2024 का गठन किया जाएगा। साथ ही 17 तारीख को होने वाला महारामनवमी में आयोजित कार्यक्रम पर विशेष रूप से योजना बनाई जाएगी। बैठक की जानकारी विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग विभाग प्रमुख प्रवीण चंद्रा के द्वारा दी गई।

### एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**कोडरमा।** डोमचांच प्रखंड अंतर्गत मसनोडीह पंचायत भवन में हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के द्वारा लड़कियों के लिए शिक्षामित्र छात्रवृत्ति योजना को लेकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत बुधवार को शिक्षा के माध्यम से महिला छात्रों को सशक्त बनाने की पहल पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पंचायत मसनोडिह, बेहराडिह एवं मुबन के सैकड़ो इंटर, स्नातक, सरकारी आईटीआई, डिप्लोमा एवं स्नातकोत्तर में अयघन कर रही लड़कियों ने भाग लिया।

# बंद पड़े खदान से 12वीं की छात्रा का शव बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**डोमचांच (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत पुरनाडीह मौजा स्थित बंद पड़े खदान से डोमचांच इंटर कॉलेज के 12वीं कक्षा की छात्रा का शव बुावार को बरामद किया गया है।

वहीं मृतका की पहचान 21 वर्षीय प्रीति कुमारी पिता कन्हाय साव ग्राम पुरनाडीह प्रखंड डोमचांच निवासी के रूप में हुई है। मृतका के पिता ने बताया कि मेरी पुत्री 27 मार्च दोपहर 12 बजे से लापता थी, इसे लेकर खोजबीन बहुत किया परंतु नहीं मिली। फिर 28 मार्च को नवलशाही थाना में गुमशुद्गी को लेकर आवेदन देकर खोजबीन कर मदद की गुहार लगाए।

वहीं 3 अप्रैल को मृतका के पिता खदान तरफ गए तो पुत्री का शव देखा, हो हल्ला करने पर ग्रामीणों का जमावडा लगना शुरू हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर नवलशाही थाना प्रभारी नितेश कुमार अपने पुलिस दल बल के साथ पहुंच कर स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकाला गया एवं पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मृतका के परिजनों के अनुसार युवती ने आत्महत्या की है। मौके पर सीओ रविंद्र पाण्डेय व पुलिस जवान मौजूद थे।

## राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ ने झुमरीतिलैया में की बैठक




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** राष्ट्रीय मोदी बरनवाल विकास संघ, जिला कोडरमा इकाई के ग्राम पंचायत और ब्लॉक और आयोजन कार्यकर्ताओं तथा अधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। सूर्या बैंक्विट हॉल, झुमरीतिलैया में मोदी-बरनवाल विकास संघ का सम्मेलन किया गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सेवानिवृत्त आईपीएस महेंद्र मोदी ने की। उन्होंने संगठन की रूपरेखा के साथ ही आपसी एकता पर बल दिया और कहा कि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और समाज को आगे बढ़ाने के लिए नेतृत्व को उभारना होगा।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारी के साथ की बैठक, कहा

## दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर का आंकलन करें

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में डोमचांच प्रखंड सभागार में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के साथ बैठक की। बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, दिव्यांग मतदाताओं का आकलन, मतदाताओं का मतदाता सूची से सत्यापन, अनुपस्थित/शिफ्टेड/मृत मतदाता, मतदान केंद्रों पर वॉलिंटियर की चयन, 40 प्रतिशत से आकि दिव्यांग व 80 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता जो मतदान करने पर बिल्कुल असमर्थ हैं, उनके लिए वाहन की व्यवस्था के लिए आकलन, मतदान केंद्रों पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप, नये मतदान केंद्रों के बारे में मतदाताओं को जानकारी देने, पोस्टल वैलेट से संबांति समेत अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा किया।

### अवैध बालू के खिलाफ चला छापामारी अभियान, तीन ट्रैक्टर जप्त

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत भोजपुर से सीओ परमेश्वर कुशवाहा एवं थाना प्रभारी सौरभ शर्मा ने बुधवार की पहले सुबह अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाकर चार ट्रैक्टर को जप्त कर थाना लाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चारों ट्रैक्टर बड़ाकर नदी से बालू लोड कर भोजपुर की ओर आ रहा था, वहीं पहले से मौजूद सीओ एवं थाना प्रभारी ने ट्रैक्टर चालक से बालू से संबंधित कागजात की मांग की मगर ट्रैक्टर चालक द्वारा कोई कागजात प्रस्तुत नही किया गया। वहीं बालू संबंधित कागजात नही होने पर चारों ट्रैक्टर को जप्त कर थाना ला रहे थे कि इसी दौरान एक ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर ट्रॉली को भगाने के क्रम में पलट दिया। जबकि तीन ट्रैक्टर को थाना लाने के दौरान ग्रामीणों के द्वारा काफी विरोध किया गया।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता




**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज डोमचांच प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्रों पर न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों पर रैंप को दुरुस्त करने, व्हील चेयर की व्यवस्था रखने, स्वच्छ शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने, शौचालय के दीवार पर पुरूष एवं महिला अंकित करने, शौचालय के रास्तों में साइनेज लगवाने के अलावा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी को किसी भी तरह से असुविधा न हो, इसका ख्याल रखें। वहीं मतदान कक्ष में मतदान अधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी एवं अन्य को बैठने एवं वीवीपैट रखने की व्यवस्था की भी जानकारी ली।

**इन मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उत्क्रमित मय विद्यालय बेहराडीह के मतदान केन्द्र 283, 284, 285, 286, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बगरीडीह के मतदान केंद्र 250, 251, 252, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बगडो के मतदान केंद्र 253, 254 उच्च विद्यालय फुलवारिया के मतदान केंद्र 319 और उत्क्रमित मय विद्यालय के मतदान केंद्र 328 व 329 का निरीक्षण किया।

मतदान केंद्रों का निरीक्षण के दौरान एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, बीडीओ डोमचांच भोला पांडेय, सीओ डोमचांच रविन्द्र पांडेय व सुपरवाइजर एवं अन्य मौजूद थे।

### महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चलाया गया जोरदार अभियान

**कोडरमा।** जयनगर प्रखंड में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद कुमार सिंह को झंडा में तीन तारा पर वोट देने एवं प्रत्येक घर से सहयोग करने की अपील की गयी। वहीं महागठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार अभियान चलाया गया। जिसमें कोडरमा, डोमचांच, चंदवारा, मरकच्चो, जयनगर प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया गया और महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने का अपील किया गया। वहीं कहा गया कि जुमला नहीं जवाब दो, 10 साल का हिसाब दो, कोडरमा सांसद मद विकास राशि प्रत्येक वर्ष जीरो प्रतिशत खर्च होता है, राशि वापस चला जाता है। इस अभियान में त्रिलोकी नाथ महतो, कामरेड जगमोहन, मोहन दत्ता, मो. इब्राहिम, विजय पासवान, बहादुर यादव, अशोक यादव, चांद अख्तर सहित कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह का हुआ भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के बरटा रोड चिल्ड्रन स्कूल में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी कालीचरण सिंह का भव्य स्वागत किया गया। गिद्धौर चौक पर लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नारेबाजी की। कालीचरण सिंह को माला पहनाकर और टीका लगाकर स्वागत किया गया। उन्होंने उपस्थित लोगों से मुलाकात की और भाजपा के पक्ष में वोट देने का आग्रह किया। कालीचरण सिंह ने कहा कि उन्हें सभी वर्गों के लोगों का भरपूर प्यार मिल रहा है और वह जनता की आवाज बनकर छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने चतरा लोकसभा क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से संबंधित सभी कार्यों को करने का प्रयास करने का वादा किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के मार्गदर्शन और लोगों के सहयोग से विकास की राह पर चलने का काम करेंगे। इस अवसर पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, एसी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष प्रसादी पासवान, ओबीसी प्रखंड उपाध्यक्ष संतोष कुमार दांगी, शिव शंकर साहू, चमारी दांगी, बिंदेश्वरी यादव, बबलू साहू, लखन दांगी और महादेव दांगी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### मुफ्त शिक्षा को अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की अपील

**चतरा।** गैर सरकारी संगठन समाधान चतरा झारखंड ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी राजनीतिक दलों से 18 वर्ष तक सभी बच्चों के लिए अनिवार्य और मुफ्त शिक्षा को अपने चुनावी घोषणा पत्र में शामिल करने की अपील की है। 160 गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा जारी एक शोध पत्र 'एक्सप्लोरिंग लिंकेज एंड रोल्स ऑफ एजुकेशन इन एलीवेटिंग एट मैरिज फॉर गर्ल्स इन इंडिया' के अनुसार, 18 वर्ष तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा बाल विवाह को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है क्योंकि 18 वर्ष से पहले पढ़ाई छोड़ने और बाल विवाह में एक सीधा संबंध है। शोध पत्र बताता है कि भारत बाल विवाह को समाप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और 18 वर्ष तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा इस लड़ाई को एक नई दिशा दे सकती है। समाधान ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों ने बाल विवाह को खत्म करने के लिए प्रयास किए हैं, लेकिन इस लड़ाई को धार देने के लिए और कदम उठाने की जरूरत है।

## उपायुक्त ने मतदान करने को लेकर दिलाई शपथ



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के समीप सार्वजनिक स्थल पर 20 मई को होने वाले चतरा लोकसभा चुनाव को लेकर कर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डीसी रमेश घोलप, एसपी विकास कुमार पांडे, डीडीसी पवन कुमार मंडल समेत जिला सीआरपीएफ कमांडेंट समेत अन्य लोग शामिल हुए। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोकसभा चुनाव की तैयारी और मतदान को लेकर जागरूकता फैलाना था। स्कूल छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी निकालकर मतदाताओं से जागरूक करते हुए नारा दिया, 'सच्चे मतदान की एक ही पहचान, नगद, शराब या मुफ्त उपहार के बिना करें मतदान।' मतदाताओं को प्रतिज्ञा भी दिलाई गई कि वे धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। डीसी ने सभी ग्रामीण वृद्ध विधवाओं से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की और बौधडीह पंचायत के आसेदिर और सिकिदाग पंचायत मादरपुर ओर मरगड़ा पंचायत के कुटिल मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधा 10 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का आदेश दिया।

## एसडीओ और एसडीपीओ ने कौलेश्वरी पहाड़ का दौरा कर मेले की तैयारी का लिया जायजा

### 8 अप्रैल को एसडीओ प्रबंधन समिति के साथ करेंगे बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड में स्थित अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त माता कौलेश्वरी पर्वत और तलहटी में रामनवमी के अवसर पर लगने वाले 9 दिवसीय रामनवमी मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एसडीओ सुरेंद्र उरांव और एसडीपीओ सतीश सुमन कौलेश्वरी पहाड़ पहुंचे।
उन्होंने कालेश्वरी मेला के दौरान पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कालेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ चर्चा की। चर्चा के दौरान पहाड़ पर पेयजल, रोशनी और सुरक्षा की व्यवस्था पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मौके पर मौजूद बीडीओ निखिल गौरव कमान कक्षप और थाना प्रभारी सनोज कुमार चौधरी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके बाद एसडीओ और एसडीपीओ हंटरगंज प्रखंड कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने कौलेश्वरी प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में प्रबंधन समिति ने रामनवमी मेले में पर्याप्त पेयजल और रोशनी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी चर्चा हुई और एसडीपीओ ने थाना प्रभारी को मेले के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एसडीओ ने 9 दिवसीय कौलेश्वरी मेले की तैयारियों को लेकर 8 अप्रैल को एक विस्तृत बैठक बुलाने की घोषणा की, जिसमें सभी सदस्यों और पुजारी समिति को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा।

## एक नजर में

### सुनील कश्यप का भव्य स्वागत



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** गिद्धौर में प्रेस क्लब के जिला अध्यक्ष सुनील कश्यप का भव्य स्वागत किया गया। उनका स्वागत प्रखंड मुख्यालय के सार्वजनिक नव युवक विकास संघ कार्यालय में किया गया, जिसका नेतृत्व संघ के साथ-साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने किया। सुनील कश्यप ने कहा कि पत्रकारों के अधिकारों की सुरक्षा करना उनकी प्राथमिकता होगी, जबकि क्षेत्र की समस्याओं को सही पटल पर उठाना उनका काम होगा। उन्होंने सभी से एकजुटता बनाते हुए विकास के कार्य में सहयोग करने की अपील की। स्वागत के मौके पर संघ के सचिव सह भाजपा महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा, दैनिक जागरण संवाददाता लक्ष्मण दांगी, सन्मार्ग के घनश्याम दास, राष्ट्रीय नवीन मेल के संतोष दांगी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष महावीर दांगी, राजद के रामदेव यादव, नीतीश कुमार, प्रयाग महतो, मुसाफिर महतो, लखन यादव, दशरथ दांगी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### लकड़ी का बोटा लदा दो ट्रैक्टर जब्त



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा।** ग्रामीणों के सहयोग से मंगलवार देर रात दो ट्रैक्टरों को जब्त किया गया, जिनमें 60 पिस लकड़ी का बोटा लदा हुआ था। ग्रामीणों ने जंगल माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए दोनों ट्रैक्टरों को अपने कब्जे में ले लिया, जबकि चालक और जंगल माफिया भागने में सफल रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने कुंदा थाना पुलिस के सहयोग से बुधवार सुबह मौके पर पहुंचकर लकड़ी के बोटे से लदे दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर वन विभाग कार्यालय में रखा। वन विभाग के अधिकारी दोनों ट्रैक्टरों और लकड़ी तस्करों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई कर रहे हैं। जंगल माफियाओं द्वारा लगातार जंगलों से बेशकीमती लकड़ियां काटकर आरा मशीन में बेची जा रही हैं। इससे पहले भी वन विभाग ने कई ट्रैक्टरों को जब्त किया है और जंगल माफियाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा है। इस कार्रवाई में प्रभारी वन पाल नितेश कुमार, वन रक्षी मुन्ना उरांव, दिवाकर कुमार, दास, रवि कुमार मुकेश कुमार, संजीव कुमार सिंह और अन्य वन विभाग के अधिकारी शामिल थे।

### मतदाता अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : डीसी



खबर मन्त्र संवादाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज लोकसभा निर्वाचन के व्यापक जन-जागरूकता लाने को लेकर जागरूकता-अभियान के मस्कट ''आई-भाई'' का लांच किया। इस दौरान स्वीप के तहत समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। वहीं उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि चुनाव में जिले के मतदाता अधिक से अधिक संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इसके अलावा सभी वोटर हेल्पलाइन ऐप एवं निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### नगर पंचायत प्रशासक ने चलाया हस्ताक्षर अभियान




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत प्रचार प्रसार को लेकर बुधवार को नगर पंचायत प्रशासक शशि शेखर सुमन द्वारा गांधी चौक कोडरमा बाजार में हस्ताक्षर अभियान शुरुआत की गई। वहीं उन्होंने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को मतदाता प्रतिज्ञा हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे का शपथ दिलवाया। उन्होंने 20 मई 2024 को कोडरमा निर्वाचन में सभी मतदाताओं को वोट देने के लिये जागरूक किया। कार्यक्रम में अखिलेश शुक्ला, अभिषेक प्रकाश, संजीत कुमार साहु, रश्मि कुमारी सिन्हा, बीएलओ, सीआरपी, स्थानीय दुकानदार, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आदि मौजूद थीं।

## स्पीड न्यूज

### राष्ट्रीय कॉम्बैट कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी ओड़िसा रवाना



गुमला। ओडिसा के पुरी में 4 से 7 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय कॉम्बैट कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेने बुधवार को गुमला स्पोर्ट्स अकादमी के 5 खिलाड़ी रवाना हुए। ये खिलाड़ी झारखंड टीम की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे। जिसमे बालक में नीरज मांझी 56 किलो, हर्षीकेश 51 किलो, अनुज मांझी 47 किलो ग्राम में भाग लेगा। वहीं बालिका में अनामिका कुमारी 58 किलो, प्रीति रोशा टोप्पो 52 किलो ग्राम में भाग लेगी। मौके पर स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक जुन्नू रैन ने कहा कि यह गुमला जिला के लिए गर्व की बात है की गुमला जिला से 5 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ। साथ ही सभी खिलाड़ी झारखंड के तरफ से प्रतिनिधत्व करेंगे और मुझे आशा है की सभी बालक बालिका अपना अच्छा प्रदर्शन करेंगे और जिला का मान बढ़ाएंगे। वही झारखंड टीम में हफीजूर रहमान कोच के रूप में भूमिका निभायेंगे। इस अवसर पर क्रिस्टीना टोप्पो, आनंद प्रकाश और टीम के सीनियर खिलाड़ी दीपक कुमार, रवि गुप्ता, अनीश साहू, अरीब आब्दीन आदि मौजूद थे।

### जारी प्रखंड के धोबारी गांव में चला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**पीवीजटी समुदाय के लोगों को किया गया जागरूक**

जारी। गुमला जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज बुधवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत जारी प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके में स्थित पीवीजटी ग्राम धोबारी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्वीप कोषांग के कर्मियों द्वारा उक्त ग्राम के सभी मतदाताओं 13 मई को होने वाले मतदान दिवस के बारे में जानकारी दी गई एवं सभी को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। धोबारी ग्राम में रहने वाले उरांव समाज के मतदाताओं का कुडुक एवं संथाल भाषा में मतदाता जागरूकता हेतु वीडियो भी बनाएं गएं जिसमें मतदाताओं द्वारा अपने सांस्कृतिक पोशाक में एक अनोखे अंदाज में वोट करने की अपील की। जिसके पश्चात उक्त गांव के सभी महिलाओं एवं पुरुषों ने चुनाव जागरूकता रैली निकाली एवं 13 मई को वोट करने की अपील की। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि वे 13 मई को अवश्य वोट देने जाएंगे। इस दौरान मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सह जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एलीना दास, स्वीप कोषांग के राजेश कुमार सहित महिला पर्यवेक्षिका आदि मौजूद थे।

### बोलेरो और बाईक की टक्कर, दो घायल



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह स्थित नेवा टोली के समीप बोलेरो वाहन ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। घटना के बाद चालक बाइक सहित बोलेरो के नीचे फंस गया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस व ग्रामीणों की मदद से बोलेरो को उठाकर चालक को खींचकर बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार गिंडरा महुआ टोली निवासी 18 वर्षीय अशोक मुंडा और 19 वर्षीय अरविंद मुंडा बाइक से नेवा टोली जा रहे थे। दोनों नल जल योजना में काम करते हैं। जैसे ही नेवाटोली के लिए मुड़े पीछे से आ रहे बोलेरो की चपेट में आ गए। वहीं कलिगा लोंगा निवासी बोलेरो चालक भी गुमला की ओर ही आ रहा था। तेज रफ्तार बोलेरो बाइक को बचाने के लिए ब्रेक लगाया, लेकिन रफ्तार तेज होने के कारण बाइक सहित चालक बोलेरो को नीचे जाकर फंस गया। घटना में बाइक में पीछे बैठे युवक को पीठ में चोट लगी। वहीं घटना में बाइक चालक का एक पैर टूट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों का इलाज चल रहा है।

### चाकू से हमला करने पर दूसरे युवक ने किया टांगी से हमला, दोनों घायल





गुमला। शहर के चाहा गांव निवासी 32 वर्षीय नकुल साहू अपनी पत्नी के साथ किराना की दुकान बंद कर मंगलवार की रात घर जा रहा था। वही हाथ में टॉर्च लिये हुए था। गांव में ही पुटु लोहरा के घर के समीप पांच युवक बैठे थे। तभी टॉर्च की रोशनी उनके चेहरा पर गई। जिसके बाद युवक आक्रोशित हो गए और नकुल के साथ धक्का मुक्की करने लग गए। वहीं उसको गाली–गलौज करते हुए उसके घर तक पहुंच गए। इसके बाद चाकू से उसके गर्दन पर वार कर दिया। जिसके बाद नकुल अपने घर गया और टांगी लेकर निकला और चाहा निवासी 24 वर्षीय करमचंद उरांव पर हमला कर दिया। वहीं अन्य युवक मौके से भाग गए। घटना की जानकारी गुमला थाना को दी गई। गुमला थाना के एस आई दबंग पांडे घटना स्थल पहुंचे और दोनों घायलों को सदर अस्पताल लेकर आए जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार



घाघरा। घाघरा थाना क्षेत्र के तेनदार गांव में हुए धीरज मुंडा हत्याकांड और उसके परिजनों को टांगी से मारकर घायल करने के आरोपी छोटेलाल उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार को तेंदार गांव में आरोपी के द्वारा धीरज मुंडा नामक व्यक्ति की टांगी से मारकर हत्या कर दिया गया था। वहीं धीरज की पत्नी व दो बच्चे पर भी वार कर घायल किया था। जिसके बाद आरोपी छोटेलाल को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी छोटेलाल ने बताया कि उसके पिता से कुछ दिन पहले धीरज मुंडा की लड़ाई हुआ था। जिसके बाद से वह धीरज से बदला लेना चाहता था।

### चेचिस वाहन ने यात्री बस ओहदार को पीछे से मारा टक्कर, दो घायल

गुमला। कामडारा थाना क्षेत्र के गाड़ा गांव के समीप बुधवार दोपहर रांची से गुमला जा रही ओहदार नामक यात्री बस को पीछे से आ रही एक चेचिस वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में चेचिस चालक जमशेदपुर निवासी इस्लाम एवं बस के खालासी चैनपुर निवासी देवनाथ बाड़ा घायल हो गये हैं। जिनका इलाज कामडारा सीएचसी में चल रहा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार दोपहर लगभग एक बजे की है। ओहदार बस के चालक ने गाड़ा गांव के समीप सवारी उतारने के लिए अचानक ब्रेक लगायी। जिससे पीछे से आ रहे चेचिस चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया ओर बस को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतना जोरदार था कि बस का पिछला हिस्सा एवं चेचिस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। गनीमत रही की बस के पिछले हिस्से में ज्यादा सवारी नहीं बैठे थे। परंतु इस हादसे में बस के खलासी को भी मामूली चोट आई है। घटना के बाद पहुंची कामडारा थाना की पुलिस ने चेचिस के चालक एवं बस के खलासी को इलाज हेतु कामडारा सीएचसी ले जाते हुए दोनों वाहनों को जप्त कर कामडारा थाना ले आई है।

### सेन्हा : युवक ने की आत्महत्या

सेन्हा। सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी गांव में एक 25 वर्षीय युवक का शव अपने घर से कुछ दूर स्थित पेड़ में फांसी से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान बूटी गांव निवासी करमा उरांव के 25 वर्षीय पुत्र प्रवीण उरांव के रूप में हुई। जानकारी अनुसार दोनों पिता पुत्र अपने घर से थोड़ी दूर पर स्थित बारी से सुबह के समय कटहल तोड़ने गए थे। इस क्रम में पिता ने शौच जाने की बात कही। वहीं शौच कर लौटने पर पिता ने पुत्र को उस स्थान पर नहीं पाया। जिसके बाद पिता खोजबीन करने लगा। वहीं प्रवीण का कुछ पता नहीं होने पर वह घर की ओर वापस आने लगे। इधर ग्रामीणों ने इस मामले की जानकारी युवक के पिता को दी। वहीं पिता ने बताया कि युवक मानसिक रूप से भी कमजोर था। वह बार बार बाहर जाने की बात करता था।

## सनातन एवं हिंदू धर्म की पहचान हैं श्रीरामः राजेन्द्र प्रसाद खत्री

**केंद्रीय महावीर मण्डल के कार्यालय का उद्घाटन**



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** स्थानीय खेमराज स्मृति भवन में केंद्रीय महावीर मण्डल का केंद्रीय कार्यालय का विधिवत शुभारम्भ महावीर मण्डल के संरक्षकों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित अतिथियों को तिलक लगाकर तथा भगवान राम तथा वीर हनुमानजी का पूजन पाठ व आह्वाहन के साथ ही साथ श्रीफल तोड़कर किया गया। मुख्य संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद खत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम हम सनातन धर्मावलंबियों की इष्ट तो है हीं साथ साथ सनातन धर्म की पहचान भी है। हम सभी सनातनियों को रामनवमी के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा, मंगलवारी जुलूस तथा विभिन्न अखाड़ों में होने वाले आयोजनों में बढ़चढ़कर सहभगिता निभाना होगा। वही केंद्रीय महावीर मण्डल अध्यक्ष विपुल तमेडा द्वारा आह्वान किया गया कि इस बार प्रत्येक अखाड़ा अपने क्षेत्र के किशोर व युवाओं को डंका के साथ साथ अस्त्र शस्त्र परिचालन सम्बन्धी प्रशिक्षण देना अभी से प्रारम्भ कर दें तथा रामनवमी महापर्व के अवसर पर विभिन्न अखाड़ों में होनेवाली बाजा एवं अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता में शत प्रतिशत भागीदारी निभाएं। जबकि महासचिव अंकित वर्मा ने कहा कि केंद्रीय महावीर मण्डल के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता अपने व्यस्तम समय मे से कुछ समय निकालकर जिला के सभी अखाड़ा में अलग अलग टीम बनाकर प्रवास कर उन्हें रामनवमी शोभायात्रा तथा होनेवाली अस्त्र शस्त्र परिचालन व बाजा प्रतियोगिता में पहुंचने हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर मुख्य संरक्षक प्रवीण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, चन्द्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, जिप सदस्य संदीप कुमार,परमेश्वर साहू, संरक्षक विनोद राय, अजय पंकज, रितेश कुमार, कंवलजीत सिंह, प्रेम प्रजापति, मनोज दास, रोहित कुमार,आनन्द पांडेय, विनोद सोनी, रिंकू वर्मा, प्रमोद प्रजापति, चन्दन गोयल, प्रदीप राणा, संदीप प्रसाद, संदीप पोद्दार समेत सैकड़ो सनातन भाई बन्धु उपस्थित रहें।

## ईद को लेकर बाजारों में चहल पहल, सेवई की बढ़ी मांग

**कपड़े से लेकर ईत्र, टोपी सहित कई तरह की लोग कर रहे हैं खरीदारी**

खबर मंत्र संवाददाता



**चैनपुर।** माहे रमजान का मुबारक महीना जैसे जैसे बीतता जा रहा है और ईद का समय नजदीक आता जा रहा है वैसे ही बाजारों में चहल पहल बढ़ते जा रही है। 21 रमजान बीतने के साथ ही चांद का दीदार होते ही 10 या 11 अप्रैल को ईद का त्योहार मनाया जाएगा। ईद को लेकर शहर व अन्य बाजारों में सुबह व शाम में खरीदारों की अधिक भीड़ देखी जा रही है। ईद को लेकर सेवई की मांग बढ़ गयी है। वहीं दोपहर के समय कड़ी धूप की वजह से ग्राहक कम दिख रहे हैं। बुधवार को कॉस्मेटिक, कपड़ा, रेडीमेड, टोपी व इत्र आदि की दुकानों पर भीड़ उमड़ी देखी गई। ईद पर बच्चों के लिए खास खरीदारी की जा रही है। इस मौके पर मार्केट में विभिन्न प्रकार के टोपी जिसमें मलेशिया टोपी, इंडोनेशिया, बांग्लादेशी, लखनवी, रामपुरी टोपी बेची जा रही है। वहीं ईतर, गुलाब, चमेली, मोगरा, सलमा मजमूआ की बेची जा रही है। ईद को लेकर कपड़े से लेकर जूते-चप्पल की दुकानों में लोगों की काफी भीड़ देखी जा रही है। प्रखंड के खास दुकानों, टेक्सटाइल सहित अन्य बाजारों में ईद के लिए सूरत के सूट, प्लाजो और शरारा महिलाओं की पहली पसंद हैं। युवतियां सलमा-सितारा जड़ी कुर्ती पसंद कर रही हैं।

## केंद्रीय महावीर मंडल कूडू का हुआ पुनर्गठन

**लाल गुड्डू नाथ शाहदेव बने अध्यक्ष**

खबर मंत्र संवाददाता



**कुडु।** केन्द्रीय महावीर मंडल कुडू की बैठक सरस्वती शिशु मंदिर में धीरज प्रसाद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी 28 अखाड़ों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में लाल गुड्डू नाथ शाहदेव को अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ ही राजू रजक, रवि साहू, ब्रजेश कुमार, पप्पू अग्रवाल, पप्पू पूरी को उपाध्यक्ष, आनन्द कुमार यादव को सचिव, आकाश कुमार राजा, ओमप्रकाश साहू, उदय कुमार यादव, रवि पासवान को सह सचिव, अजय वर्मा को कोषाध्यक्ष, विश्वजीत भारती को सह कोषाध्यक्ष, रामखेलावन पासवान, विपिन कुमार, रोशन कुमार, अंकित कुमार, कन्हैया साहू को मेला व्यवस्थापक, लाल राधेश्याम नाथ शाहदेव, लाल विकास नाथ शाहदेव, नवीन कुमार टिंकू, संजय चौधरी, अमित कुमार बंटू, इंद्रजीत भारती, कुलदीप उरांव, पंकज भारती, सरजू साहु, मंगल उरांव, ब्रजेश महतो, रामसागर भंडारी, अजय शर्मा, ओमप्रकाश साहू, सुदामा प्रसाद, रामसूरत महतो, युगल किशोर महतो, हीरालाल साहू, अमित राज अभिमन्यु साहु, रामप्रवेश पाहन, विरेन्द्र यादव, संदीप यादव, मदन मोहन यादव, बादल सिंह, अनिल लोहरा, बरतू यादव, राजेश प्रसाद, संतोष साहु को संरक्षक चयनित किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी रामनवमी पूजा बहुत ही धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाना है। इस बार के श्रीरामनवमी को ऐतिहासिक और अद्वितीय बनाने में सभी लोगों को अपना तन मन धन अर्पित कर देना है। बैठक में संतोष उरांव, जयराम साहू, अमित सिंह, प्रदीप साहू, राम सागर भंडारी, दीपक पासवान, अजय शर्मा, शुभम लोहरा, अजय सिंह, मोहन पासवान,राम सेवक महतो आदि उपस्थित थे। केंद्रीय महावीर मंडल कुडू के पदाधिकारी रहे स्व संतोष मांझी एवम बंदे उरांव के असमायिक निधन पर शोक प्रकट करते हुए मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का शोक सभा कर बैठक की समाप्ति की गई।

## दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं को सहयोग करेंगे वोलेंटियर : डीसी

**वोलेंटियर को दिया जायेगा पहचान पत्र, चुनाव बाद मिलेगा प्रशस्ति पत्र**

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** लोकसभा चुनाव को लेकर बुधवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मतदान दिवस के दिन मतदाताओं की कतार का प्रबंधन करने, दिव्यांग व वरिष्ठ मतदाताओं को सहायता आदि करने के लिए मतदान केंद्रों पर वोलिंटियर की तैनाती करने से संबंधित एक विशेष समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, शिक्षा अधीक्षक सहित जिले के संबंधित विद्यालयों, कॉलेजों के प्रधानाचार्य व शिक्षक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वोलिंटियर की नियुक्ति करने हेतु मुख्य बिंदुओं पर ध्यान रखा जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि एनसीसी, एनएसएस, स्काउट एंड गाईड से प्रत्येक मतदान केंद्र, जहां 400 या 400 से कम मतदाता हैं। वहां दो एवं जिस मतदान केन्द्र पर 400 से अधिक मतदाता हैं वहां चार वोलिंटियर की तैनाती या नियुक्ति वर्दी में लेकिन बिना शस्त्र के किया जाना है। वोलेंटियर की आयु 14 वर्ष से अधिक और 18 वर्ष से कम होनी चाहिए अर्थात वोलेंटियर को मतदाता नहीं होना चाहिए। वोलेंटियर्स मतदान केंद्रों पर कतार के प्रबंधन, दिव्यांग वरिष्ठ एवं शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं एवं हेल्प डेस्क में बीएलओ की सहायता करेंगे। वोलेंटियर्स मतदान केंद्र पर बीएलओ की देख-रेख में कार्य करेंगे। जिला स्तर से प्रत्येक वोलिंटियर को फोटो पहचान पत्र उपलब्ध कराया जाएगा जो प्रत्येक वोलेंटियर्स को अपने साथ मतदान दिवस के दिन संबंधित मतदान केंद्र पर लाना होगा। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि मतदान के कार्य में जुड़े वोलेंटियर्स को चुनाव के पश्चात प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## विमरला माइंस की दयनीय स्थिति के लिए हिंडाल्को स्वयं जिम्मेवार : ट्रक एसोशिएशन

**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन, विमरला के अध्यक्ष विनोद राम (बिन्नू) ने बुधवार को दूरभाष पर हिंडाल्को के महाप्रबंधक आर अमबस्ठा से बात की और कहा कि पिछले महीने से बिमरला माइंस बंद करके कंपनी बैठी हुई है, जबकि पिछले पूरे वित्तीय वर्ष में समझौते के हिसाब से आधे ट्रिप दिए गए हैं। कंपनी साल में चार महीने विमरला माइंस को बंद रखती है और बार-बार कुछ ना कुछ बहाना ढूंढ लेती है। कंपनी माईनिंग क्षेत्र की जमीन खत्म होने के बाद नई जमीन ढूंढती है, जबकि कंपनी को पहले से ही जमीन खरीद कर रखनी चाहिए। एसोसिएशन ने कंपनी से साफ-साफ कहा है कि अगर शीघ्र विमरला में ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं किया जाता है तो जिला प्रशासन से अनुमति लेकर विमरला मांईस के सैकड़ो ऑनर, चालक, उपचालक लोडर अनलोडर कंपनी गेट के बाहर धरना देंगे क्योंकि आपके द्वारा दिए जा रहे ट्रिप में ट्रकों के कागजात का भी खर्चा निकाल पाना मुश्किल हो रहा हैं।

## हवन के साथ डीएवी स्कूल के नये सत्र का शुभारंभ

खबर मंत्र संवाददाता



**गुमला।** वैदिक हवन एवं मंत्रोच्चार के साथ बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में नये सत्र का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से द्वादश के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। प्रधानाचार्य डॉक्टर रमाकांत साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी आत्मावलोकन करें कि पिछले सत्र में हमने क्या अच्छा किया एवं कहां कमियां रह गई ताकि इस सत्र में हम अपनी कमजोरियों को दूर कर सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के तीन मंत्र श्रवण, चिंतन एवं प्रश्न दिये। उन्होंने कहा कि आप पहले क्लास में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा का श्रवन करें, आत्मसात करें एवं उसके बाद उस पर चिंतन तथा मंथन करें। इस चिंतन के पश्चात आपके मन में जो प्रश्न आते हैं, वह प्रश्न पूछें एवं उसका समाधान प्राप्त करें। यज्ञ एवं हवन के बारे में उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर हवन किया जाता है, वहां उपस्थित लोगों पर तो उसका सकारात्मक असर पड़ता ही है साथ ही वातावरण में मौजूद रोगाणु और विषाणुओं के नष्ट होने से पर्यावरण भी शुद्ध होता है। रमाकांत त्रिपाठी, दुर्गेश कुमार पाठक, अभय कुमार पांडेय ने हवन पूर्ण कराया। इस अवसर पर सुपरवाइजरी हेड पवित्र कुमार मोहंती, एसके आचार्या, रोहित कुमार सुतार, अभिजीत झा, मिथिलेश कुमार दुबे सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता को लेकर स्काई बैलून उड़ाया



लोहरदगा। लोकसभा चुनाव अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किये गये। उपायुक्त द्वारा सर्वप्रथम भविष्य के मतदाताओं के रूप छात्र–छात्राओं को पदाधिकारियों व कर्मियों समेत सभी को मतदाता शपथ दिलायी गई। इसके बाद इलेक्शन मैस्कट आई–भाई का लोकार्पण किया गया। इसके उपरांत उपायुक्त द्वारा बैलून के जरिये मतदाता संदेश को आसमान की ओर छोड़ा गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों द्वारा सेल्फी प्वाइंट में मतदान के लिए तैयार की सेल्फी ली गई। कार्यक्रम के अंत में समाहरणालय परिसर में एक स्काई बैलून अधिष्ठापित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा,उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम आईलिन टोप्पो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

### भंडरा में तेज गर्मी से ग्रामीण परेशान, सड़कें हुईं वीरान

भंडरा। प्रखंड में धूप की तपिश और उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत नहीं मिल पा रहा है। बुधवार को तापमान 38 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिसके कारण लोग गर्मी से बेहाल हो गए। सुबह आठ बजे से लेकर शाम को पांच बजे तक घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। दस बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दे रहा है। इक्का दुक्का वाहन ही नजर आ रहे थे। शाम चार बजे के बाद जब धूप धीरे–धीरे कम हो रही है तो लोग सड़कों पर दिख रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में धूप की तपिश और उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल है। लगातार बढ़ रहे तापमान के चलते हालत यह कि सूरज की किरणें शरीर को झुलसा दे रही है। तीखी धूप और गर्म हवाओं के झोंके ने लोगों को घरों में रहने के लिये मजबूर कर दिया है। तापमान बढ़ने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई है। लोगों को गर्मी से सुकून कब मिलेगा इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल लग रहा है। दोपहर के समय तो सड़कें विल्कुल विरान हो जा रही हैं। धूप के कारण गर्मी इतनी ज्यादा बढ़ जा रही है कि घर में लगा पंखा, कूलर लोगो का सहारा बना हुआ है। तेज धूप से परेशान होने के बाद जूस, लस्सी, गन्ने का रस अन्य शीतल पेय की दुकानों पर पहुच रहे हैं।

## दहेज उत्पीड़न के आरोपी को घाघरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

- आरोपी के माता–पिता ने घाघरा थाना में आवेदन देकर पुत्र के अपहरण व हत्या की दर्ज करायी थी प्राथमिकी
- पत्नी ने दर्ज कराया था पति के खिलाफ मामला, तब से था फरार

खबर मंत्र संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोपी सुबोध भगत को गिरफ्तार कर बुधवार को गुमला जेल भेज दिया। सुबोध देवाकी माइल बाड़ो टोली का रहने वाला है। जिसे पुलिस ने बुधवार सुबह छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से गिरफ्तार कर घाघरा थाना लाया। इस संबंध में थानेदार तरुण कुमार ने बताया कि सुबोध की पत्नी सत्यरूपा देवी ने जून 2021 में सुबोध पर दहेज उत्पीड़न का प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिक दर्ज होने का अंदेशा होते ही एक माह पूर्व ही सुबोध फरार हो चुका था। तब से वह फरार चल रहा था। पत्नी के थाना में आवेदन देने के बाद सुबोध के पिता मंगल भगत ने भी सितंबर 2021 में घाघरा थाना में आवेदन देकर सुबोध की पत्नी व उसके परिजन पर अपने पुत्र को अपहरण कर हत्या करने का आरोप लगाया। जिसके बाद काफी खोजबीन की गई कुछ पता नहीं चला। हालांकि सुबोध के माता-पिता यह जानते थे कि उसका बेटा का अपहरण नहीं हुआ है। डराने के लिए सुबोध के पिता ने उल्टा थाना में आवेदन देकर अपने पुत्र का अपहरण का आरोप लगाया था। कई बार पुलिस सुबोध के माता-पिता से सुबोध का फोटो या किसी भी तरह की जानकारी लेने का प्रयास किया पर उसके माता-पिता ने कुछ नहीं दिया। थानेदार तरुण कुमार ने सुबोध को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से गिरफ्तार किया। थानेदार ने बताया कि वह अम्बिकापुर में एक किराना दुकान में काम करता था और दुकान मालिक के मोबाइल से अपने घर पर बात किया था जिसके आधार पर सुबोध को गिरफ्तार किया गया।

### चैनपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाया अभियान



**चैनपुर।** चैनपुर पुलिस ने मुख्यालय क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। बुधवार की अहले सुबह चैनपुर थाना प्रभारी अजय यादव के नेतृत्व में अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें मुख्यालय क्षेत्र के कई जगहों से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ शराब को जब्त किया गया। वहीं जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वहीं सभी शराब विक्रेताओं को कड़ी चेतावनी देकर अगले बार से शराब नहीं बनाने की चेतावनी दी। मौके पर थाना प्रभारी अजय यादव ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए महुआ शराब की छापामारी की जा रही है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

### बजरंग दल द्वारा मंगल महाआरती का हुआ आयोजन



लोहरदगा। बजरंग दल के द्वारा मैना बगीचा शनि मंदिर प्रांगण में मंगल महा आरती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में सनातन समाज के लोग इस आरती में शमिल हुए। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू ने किया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता एवं जिला मंत्री सतीश पांडे थे। विशिष्ट अतिथि केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष संतोष लकड़ा एवं अशोक कांस्यकार थे। मौके पर सत्यम कुमार, चंदन साहू, प्रमोद प्रजापति, उमेश कांस्यकर सहित राम भक्त माताएं बहने मंगल आरती में शामिल हुए।

## गुमला ने गढ़वा को 6 विकेट से हराया

**जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट**

**उम्दा प्रदर्शन के बदौलत गुमला के एकलव्य उरांव बने मैन ऑफ द मैच, सुपर लीग में गुमला की टीम ने बनाया स्थान**

खबर मंत्र संवाददाता





**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में गुमला ने गढ़वा को 6 विकेट से पराजित कर इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के सुपर लीग में अपनी जगह पक्की कर ली। बुधवार को जिला मुख्यालय के शहिद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में गढ़वा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 175 रनों का स्कोर खड़ा किया। शुरूआती झटके के बाद आठवें विकेट की करीब 50 रनों की साझेदारी के बावजूद गढ़वा की पूरी टीम 31.5 ओवर में ही सिमट गई। टीम की ओर से यशराज ने नाबाद 31, आर्यन कुमार 31, अनुज कुमार 20, राहुल कुमार 14 व 21 अतिरिक्त रनों के साथ टीम ने सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। गुमला की ओर से एकलव्य उरांव ने 9 ओवर में 49 रन देकर चार विकेट चटकाये। वहीं अनिकेत साहू को दो और लक्ष्मी, मयंक व आषिसन को एक-एक विकेट मिले। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुमला की टीम 26 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर विजयदाई आंकड़ा छू लिया। गुमला के आयुष राज ने 41, वैदिक राज नाबाद 47, मयंक 30 व आषिसन कुमार ने 22 रनों का योगदान दिया। गढ़वा की ओर से अभिराज ने 6 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। वही मनीष को एक विकेट मिला। उम्दा प्रदर्शन के बदौलत गुमला के एकलव्य उरांव मैन ऑफ द मैच बने। जेएससीए द्वारा प्रतिनियुक्ति टीआरडीओ मिलन दत्ता, अंपायर मनोहर सिंह, नीरज पाठक के साथ स्कोरर सुमित सामंता व जिला क्रिकेट संघ के सचिव जितेंद्र सिंह ने प्लेयर ऑफ द मैच एकलव्य को 5000 नगद व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, लाल चंद्रशेखर, अंकित विश्वकर्मा, अरविंद सिंह, रोहित उरांव, आयुष अग्रवाल, सुनील सिंह, सन्नी साहु, शशी प्रकाश व अन्य उपस्थित थे।

## लोस में अपना दम दिखायेंगे झारखंड आंदोलनकारी, लड़ने की हो रही तैयारी

**8 अप्रैल को जनसभा का होगा आयोजन**

खबर मंत्र संवाददाता



**लोहरदगा।** अपनी मांगो को लेकर अब झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा खुद चुनाव मैदान में उतर रही है। लोकसभा चुनाव में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने चुनाव मैदान में उम्मीदवार उतारने की घोषणा कर दिया है। जिसे लेकर शहर के पवारगंज स्थित होटल नोवेल्टी में बैठक आयोजित कर रणनीति तैयार की गई। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने लोकसभा चुनाव में अपना प्रत्याशी उतराने को लेकर बैठक किया है और 8 अप्रैल को लोहरदगा में एक बड़ी जनसभा कर उम्मीदवार की घोषणा की जाएगी। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के इस जनसभा में हजारों की संख्या में आंदोलनकारी शामिल होंगे। राज्य में आए बीजेपी और जेएमएम की सरकार पर झारखंड आंदोलनकारी को ठगने और इनके प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाकर इस बार चुनावी मैदान में आकर आंदोलनकारी द्वारा शक्ति प्रदर्शन करने की बात कही गई। बैठक में चुनाव को लेकर रणनीति के साथ सभी राजनीतिक दलों को साफ संदेश दे दिया गया है की अब आंदोलनकारी आर पार की लड़ाई की ठान चुके है। अब देखना है की इससे लोहरदगा लोकसभा चुनाव में क्या असर पड़ता है। मौके पर मोर्चा के दंक्षिण छोटा नागपुर प्रमंडलीय अध्यक्ष रोजलिना तिर्की, लोहरदगा जिला अध्यक्ष रामानंद साहू, गुमला जिला अध्यक्ष सीताराम उरांव सहित कई आंदोलनकारी मौजूद थे।

# ट्रांसमिशन लाइन का एक और हाई टेंशन टावर हुआ धराशाई

- अज्ञात चोरों द्वारा हाई टेंशन टावर को गिराए जाने की चर्चा

**विगत कई वर्षों में बड़े पैमाने पर हुई है हाईटेंशन टावर व पैंथर वायर की कटिंग कर चोरी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा-माल्हन-मैक्लुस्कीगंज पथ अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के दुबी गांव के समीप सड़क किनारे दोड़का नदी के पास ट्रांसमिशन लाइन का एक और हाई टेंशन टावर धराशाई हो गया। हाईटेंशन टावर के धराशाई होने के बाद टावर से जुड़ा पैंथर वायर गिरकर कर बिखर गया। हाई टेंशन टावर के गिरने के बाद बाजार में लोग जितने मुंह उतनी चर्चा करते लोग देखे जा रहे हैं। सूत्रों कि माने तो टावर को अज्ञात चोरों के द्वारा काटकर गिराया गया है, मामला ठंडा पड़ने के बाद चोर इसे काटकर ठिकाने लगा देंगे। बता दें कि विगत चार-पांच वर्षों में चोरों के द्वारा बड़े पैमाने पर ट्रांसमिशन लाइन के हाई टेंशन टावर व पैंथर वायर को काटकर बेचा गया है। जिस कारण कुछ टावरों को छोड़कर ज्यादातर हाईटेंशन टावर से पैंथर वायर की चोरी हो चुकी है। वर्तमान में कुछ समय में चोरी रुकने के कारण अभी भी कुछ टावर व तार बचे हुए हैं। बचे हुए हाईटेंशन टावर व पैंथर वायर को चोरी करने के नियत से टावर को काटा जा रहा है।


हाईटेंशन टावर धराशाई।

**कैसे गिरी हाईटेंशन टावर की जाएगी जांच: एसडीपीओ**

मामले में एसडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि ट्रांसमिशन लाइन का हाईटेंशन टावर चोरों के द्वारा छेड़छाड़ किए जाने के कारण या फिर अपने आप गिरी है इसकी जांच की जाएगी। क्योंकि पूर्व के वर्षों में बड़े पैमाने पर उक्त क्षेत्र से हाईटेंशन टावर व तार की चोरी हुई है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा पाएगा।

## श्री राम नवमी पूजा को लेकर महावीर मंदिर समिति की बैठक संपन्न

**चंदवा।** आगामी रामनवमी पूजा महोत्सव को धूमधाम से बनाने को लेकर सोमवार की रात्रि महावीर हनुमान मंदिर समिति शुक्र बाजार की बैठक प्रदीप ठाकुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में रामनवमी महोत्सव को दौरान होने वाले कार्यक्रम को लेकर गंभीरता से चर्चा करते हुए कई निर्णय लिए गए। इस दौरान श्री रामनवमी पूजा के मौके पर मंदिर व आसपास के क्षेत्रों में महावीरी पताका लगाने का भी निर्णय लिया साथ हीं कार्यक्रमों के सफल संचालन को लेकर सर्वसम्मति से कमेटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष अमृत कुमार, सचिव बलदेव साहू, उपाध्यक्ष रुपेश कुमार, कोषाध्यक्ष संतोष ठाकुर, उप सचिव करण कुमार, सूरज कुमार, विरेंची कुमार, मोंटी कुमार, उपकोषाध्यक्ष रूपेश साहू, मीडिया प्रभारी सूरज कुमार कृष्ण कुमार को बनाया गया। वही संरक्षक के रूप में भुनेश्वर साव, कुलामन साहू, महेंद्र साहू, रामचंद्र साहू, राधेश्याम साहू, जगन्नाथ साव, नरेश साहू, विनोद साव, गोरख साव को बनाया गया है। इसके अलावे कार्यकारणी सदस्य में आलोक कुमार, संदीप कुमार, आर्यन कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार, रुपेश प्रसाद, अनिल साहू, प्रदीप ठाकुर शामिल किया गया है।

## बरवाडीह पुलिस ने कार से 5.65 लाख कैश किया जब्त


वाहन जांच करती पुलिस।

- थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ कैंप के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव के पहले बरवाडीह पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक हैरियर कार से पांच लाख 65 हजार रुपये जब्त किया हैं। बरवाडीह थाना क्षेत्र के सीआरपीएफ पिकेट के पास वाहन जांच के दौरान पुलिस द्वारा यह कार्रवाई की गयी है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर वाहनों की जांच कर रही थी। वाहन जांच के दौरान कुटमू की तरफ आ रही एक हैरियर कार को रोककर जांच की गयी, तो उसमें पांच लाख 65 हजार रुपये मिले। उड़नदस्ता टीम की मौजूदगी में पैसे की गिनती की गई। वहीं चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद बरवाडीह पुलिस की अबतक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। दूसरे शहरों से आनेवाली गाड़ियों के अलावा पुलिस की टीम वाहनों की सख्ती से जांच कर रही है। मामले के संबध में थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस मामले में कोई गिरफ्तारी नहीं होती हैं। वाहन मालिक के नाम का सत्यापन किया जा रहा है। गाड़ी बरवाडीह आ रही थी लेकिन कहां से आ रही थी इसकी जांच की जा रही है। वहीं उन्होंने बताया कि वरीय अधिकारियों को जानकारी दे दी गई है। जप्त पैसे की जांच चुनाव आयोग करेगी।

## आरोप: कामता के बरतूं बांध में शौच के लिए जाते हैं विद्यार्थी, स्कुल के शौचालय में लगा रहता है ताला

- कामता पंसस अयुब खान ने किया हिसरी स्कूल का जायजा, लगाया लापरवाही का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** कामता पंचायत के पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने प्राथमिक विद्यालय हिसरी का जायजा लिया, छात्र छात्राओं की सुविधा और परीक्षा की जानकारी ली, स्कुल जाने के क्रम में अयुब खान की नजर बरतु बांध की ओर जा रहे स्कुल के दुसरी कक्षा के तीन छात्रों प्रशांत तुरी, रोहित कुमार व अन्य पर नजर पड़ी, बच्चों से पुछे जाने पर बताया कि बांध में शौच के लिए जा रहे हैं। शौच से लौटने पर बच्चों ने बताया कि स्कुल की शौचालय पर ताला लगा हुआ है, इस लिए शौच के लिए बाहर आए थे। अयुब खान ने कहा कि बरतु बांध में इस समय करीब चार पांच फीट पानी है, छात्रों को बांध में भी डुबने की आशंका है उनके जान को खतरा में डाला जा रहा है। अयुब खान ने इस मामले पर डीएसई कविता खलखो से छात्र छात्राओं के हित में कार्रवाई करने की मांग किया है। मामले को लेकर पूछे जाने पर प्रधानाध्यापक विजय राम ने बताया कि आरोप निराधार है, शौचालय रख-रखाव को लेकर विद्यालय में 4-4 बालक-बालिकाओं की टीम बनायी गयी है। उनके पास ही शौचालय की चाभी रहती है। जो भी विद्यार्थी शौच के लिए शौचालय जाना चाहते हैं वे चाभी लेकर जाते हैं, इसमें मेरा कोई हस्तक्षेप नहीं रहता है।


जानकारी देते बच्चे।

## मनिका प्रखंड के देवी मंडप मंदिर में रामनवमी पूजा को लेकर बैठक का किया गया आयोजन

- शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा रामनवमी पूजा: विकास कुमार प्रसाद

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय के बाजारटांड़ स्थित देवी मंडप मंदिर में रामनवमी पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर पूजा समिति के द्वारा मंदिर के प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वहीं पूजा का कार्यक्रम सुचारु रूप से मानने को लेकर कमेटी का गठन भी किया गया। जिसमें विकास कुमार प्रसाद को सभी के सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष राहुल कुमार एवं अखिलेश पासवान, सचिव अंकित कुमार (गोलू), सत्यम कुमार, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार सह कोषाध्यक्ष विनेश प्रसाद एवं 21 सदस्य कमेटी का गठन किया गया। मौके पर पूजा समिति के नए अध्यक्ष विकास कुमार प्रसाद ने कहा कि जिस आशा और विश्वास के साथ पूजा समिति के संरक्षक एवं सदस्यों ने जिम्मेवारी सौंपी है उस विश्वास को मैं बनाए रखने का काम करूंगा इस बार कमेटी के सभी सदस्यों के सहयोग से पूजा का कार्यक्रम हर वर्ष से बेहतर करने का हमारा प्रयास रहेगा। मौके पर पूजा कमेटी के संरक्षक सुरेंद्र पासवान, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह, विश्वनाथ पासवान, रौशन कुमार, छोटू राजा, बबन पासवान, चंद्रशेखर प्रसाद, जितेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू, डॉ चंदन गुप्ता, दीपक कुमार, कुंदन कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार, शुभम कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।


रामनवमी पूजा के बैठक में उपस्थित लोग।

## जिला खनन पदाधिकारी बालूमाथ पहुंच कर रेलवे साइडिंग व रेलवे कैंप का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** लातेहार जिला खनन पदाधिकारी मो. नदीम सफी बुधवार को बालूमाथ रेलवे साइडिंग पहुंचकर रेलवे साइडिंग में कोयला स्टॉक, रजिस्टर संधारण एवं खनन से जुड़ी कई बिंदुओं पर जांच की व जिला खनन पदाधिकारी मो. नदीम बालूमाथ अंचलाधिकारी तृप्ति विजया कुजूर के साथ साई कृपा रेलवे साइडिंग का कैंप पहुंचे। जहाँ बालू का भंडारण के चालान की मांग की। जिला खनन पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी को दोनों स्थानों पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु कई दिशा निर्देश दिए। जिला खनन पदाधिकारी जांच के बाद बालूमाथ अंचल कार्यालय पहुंचे जहां पत्रकारों द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि बालूमाथ में अवैध दर्जनों चिमनी इट भट्टे संचालित हैं लेकिन एक चिमनी भट्टा में 40 से 50 मजदूर का रोजगार जुड़ा हुआ रहता है। फिर कहा की मैंने चिमनी भट्टा संचालकों को नोटिस दिया है। वहीं पत्रकारों द्वारा पूछे गए की मोटरसाइकिल से अवैध कोयला परिवहन करने वाले लोग भी रोजगार से जुड़े हैं क्या इस पर उन्होंने चुप्पी साथ ली। ज्ञात हो कि बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत मसीयातु, सेरेगड़ा, रजवार समेत कई गांव में दर्जनों अवैध चिमनी इट भट्टा संचालित है। जहां अवैध कोयले से संचालित इस चिमनी भट्ठा में प्रत्येक वर्ष करोड रुपए का अवैध कारोबार धड़ले से की जाती है। जबकि प्रखंड अंतर्गत 200 से ज्यादा अवैध कोयला से बगला भट्टा भी चलाया का रहा है। इधर जिला खनन पदाधिकारी द्वारा दिए गए बयान से बालूमाथ में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### एक नजर में

## दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की बैठक संपन्न


बैठक करते लोग।

**बालूमाथ।** चैती दुर्गा पूजा मनाने को लेकर बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में ग्रामीणों की एक बैठक हुई। जिसमें प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर बोलते हुए सुनील यादव ने कहा कि बालूमाथ बरियातू एवं हेरहंज प्रखंड में मात्र एक गणेशपुर ग्राम ही है जहां चैती दुर्गा पूजा हर वर्ष मनाया जाता है। परंपरा के मुताबिक इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाएगी एवं 9 दिनों तक नवरात्रि एवं विजयदशमी के दिन भव्य जुलूस निकालकर मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। जिसके लिए कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुनील यादव,उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, राजेश उरांव, सचिव अनूप कुमार, रमेश भगत उप-सचिव कुलदीप राम, पवन राम कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर सिंह,अभय सिंह संयोजक प्रीतलाल यादव, सीताराम सिंह, रजनीकांत गुप्ता, जलेश्वर सिंह, जितेंद्र रजक, सुधु उरांव, फुलदेव राम, चरणजीत उरांव, जंग बहादुर सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता जीतन भुइयां,वासुदेव यादव,सहदेव यादव, प्रकाश उरांव को बनाया गया। मौके पर रामनरेश सिंह,बालेन्द्र गुप्ता किशोरी प्रसाद गुप्ता, भुवनेश्वर सिंह देवराज सिंह, आदित्य कुमार सिंह जगजीवन राम,प्रदीप गुप्ता देवनंदन गुप्ता, त्रिलोकी महतो,संजय गुप्ता समिति कई लोग उपस्थित थे।

## लोक सभा चुनाव को लेकर की गई बैठक



**बारियातू।** प्रखंड सह अंचल कर्यालय सभागार परिसर मे निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ नन्द कुमार राम की अध्यक्षता मे लोक सभा चुनाव को लेकर बैठक की गई। इस बैठक मे उपस्थित सभी प्रखंड कर्मियों को लोक सभा चुनाव की तिथि 20 मई को निर्धारित होने के सदर्भ मे चुनाव से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया। वहीं बताया की मतदान के लिए मतदाता सूची मे नाम होना आवश्यक है। इसलिए स्वयं और अपने परिवार के पास पड़ोस के लोगो का नाम चुनाव के पूर्व ही सत्यपन कर लेने के लिए सुझाव दिया गया। सभी सदस्यों को लोक सभा चुनाव 2024 के क्रम मे नैतिक मतदान के प्रति सधन्यवाद बैठक की गई। वही निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ नन्द कुमार राम ने उपस्थित लोगो से 20 मई को मतदान के दिन अपने गांव मुहल्ले व घरों से भारी से भारी संख्या मे निकलकर मतदान करने की अपील की। मौके पर निर्वाचन सहायक आलोक दुबे,केतन गुप्ता, लेखापाल रवि यादव, जई आशीष गुप्ता, रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव,पंकज पाण्डेय,नमन कुमार, सुरेंद्र सहित कई प्रखंडकर्मी उपस्थित थे।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला खेल स्टेडियम से साइकिल जागरूकता रैली का किया गया आयोजन


रैली रवाना करते अधिकारी।

**लातेहार।** स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत साइकिल जागरूकता रैली का आयोजन जिला खेल स्टेडियम में किया गया। आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर साइकिल जागरूकता रैली को रवाना किया गया। साथ ही सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। साईकिल रैली जिला खेल स्टेडियम से कारगिल चौक होते हुए जिला खेल स्टेडियम में समाप्त किया गया। जिसमें बढ़-चढ़ कर विद्यालयों के छात्र छात्राओं, एनसीसी कैडेट के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी को लोकतंत्र में मतदान की आवश्यकता के बारे में बताया एवं आगामी लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।

## मनिका प्रखंड कार्यालय में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु किया गया बैठक


कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

- महिलाओं व नए मतदाताओं को जागरूक कर मतदान करवाने के लिए कैडरों को दी गई प्रशिक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड कार्यालय के सभागार में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जे.एस.एल.पी.एस) के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला समूह के कैडरों के साथ समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें समूह के महिलाओं को क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं व नए मतदाताओं को जागरुक करते हुए शत प्रतिशत मतदान करवाने हेतु प्रशिक्षण दी गई। मौके पर जे. एस. एल. पी. एस. के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रामजी उरांव ने बताया कि जे.एस.एल.पी.एस.के अंतर्गत जो भी कार्यक्रम चल रही है उस पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को अपने क्षेत्र में घूम-घूम कर ज्यादा से ज्यादा महिला मतदाताओं एवं नए मतदाताओं को मतदान करवाने हेतु जागरूक करने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही महिलाओं को मोबाइल ऐप के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जानकारी दी जा रही है ताकि 20 मई को अधिक से अधिक मतदाता अपने घरों से निकल कर मतदान कर सकें। मौके पर जेएसएलपीएस के राजेश कैफरथ,समेत कई महिलाएं व पुरुष उपस्थित थे।

## रामनवमी पर हीरो बाइक्स की खरीदारी पर मिल रही है छूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** हीरो कंपनी की मोटरसाइकल की डिमांड वर्षो से लोगों के बीच बनी हुई है। बरवाडीह के मैन रोड स्थित माही हीरो शोरूम में हीरो के सभी मॉडलों की बिक्री इन दिनों खूब हो रही है। शोरूम के संचालक मुकेश कुमार ने बताया कि ग्राहकों की पहली पसंद हीरो मोटरसाइकल है। हीरो बाइक का सबसे ज्यादा बिकने वाला मॉडल स्पेलेन्डर और एचएफ डिल्क्स है। उन्होंने बताया कि हीरो के सभी रेंज की बाइक उनके शोरूम में उपलब्ध है। इधर सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी ने बुधवार को माही हीरो शोरूम पहुंच हीरो स्पेलन्डर प्लस बाइक की खरीदारी की। उन्होंने बताया कि कम कीमत, बेहतर माइलेज, लो मेंटनेंस और बेहतर सर्विस के चलते हीरो की बाइक्स को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। हमने अपने बड़े बेटे की डिमांड पर इस मॉडल को खरीदा है। जानकारी देते चलें कि स्पेलेंडर प्लस का इंजन 4 स्पीड गियरबॉक्स से लैस है। इसमें कंसोल ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, कॉल और एसएमएस अलर्ट, डुअल ट्रिपमीटर, माइलेज इंडिकेटर, लो फ्यूल इंडिकेटर जैसे फीचर्स भी इस बाइक में मिलते हैं। इसमें अब एक एलईडी डे टाइम रनिंग लाइट्स डीआरएल भी दिया गया है। शोरूम संचालक ने बताया कि रामनवमी के उपलक्ष्य में हीरो की सभी मॉडल पर शोरूम की ओर से दो हजार रुपए का एक्स्ट्रा डिसकाउंड दिया जा रहा हैं। वहीं 31 अप्रैल तक मात्र 149 रुपए की सर्विस चार्ज पर बाइक की सर्विसिंग उपलब्ध है। इसमें फ्री वाशिंग, पोलिसिंग और नाइटोर्जन मुफ्त है। इस मौके पर सेल्स एडवाइजर देवेंद्र कुमार सिंह, व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज और फाइनेंसर असीमुद्दीन अंसारी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।


स्पेलेंडर प्लस की खरीदारी करते अजय सोनी।

## विद्यालय परिसर से सटे पेंड़ मे लगी आग


आग बुझाता युवक।

**बारियातू।** प्रखंड के स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय कलस्टर बूथ टोटी हेसला पेंड़ मे लगी आग। जिससे विद्यालय के आसपास आग जलने लगा। दमकल कर्मी अग्नि योद्धा के सहयोग से विद्यालय मे कई सामग्री जलने से बचाया गया। उक्त संबंध मे विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवशंकर गंझू ने बताया की प्रति दिन की भांति विद्यालय से छुट्टी कर अपना रूम चले आए। वहां के लोगों से जानकारी मिली की विद्यालय के चारदिवारी के अंदर सूखे पेंड़ मे आग लग गई है। आग से विद्यालय के बाहर पड़े कई चीजों मे आग जलने लगा। आग लगे देखकर इसकी जानकारी बारियातू प्रशासन को दिया गया। प्रशासन द्वारा जानकारी दमकल अग्नि योद्धा को दिया गया। दमकल के सहारे टीम ने आग को बुझाने मे सफल रहे। जिससे विद्यालय मे कई सामग्री जलने से बचा लिया गया।

## श्री रामनवमी पूजा महासमिति मुख्य अखाड़ा की बैठक संपन्न, लिए गए कई निर्णय

# महावीरी झंडे से पाटा जायेगा पुरा शहर

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। श्री रामनवमी पूजा महासमिति मुख्य अखाड़ा थाना चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर लातेहार मे श्री रामनवमी पूजा महोत्सव को सफल बनाने हेतु मंगलवार को आम बैठक नवीन गुप्ता के अध्यक्षता मे आयोजित की गई।

**बैठक में कई प्रकार के लिए गए निर्णय**

बैठक में कई प्रस्ताव पर चर्चा हुई जिसमें थाना चौक मुख्य अखड़ा मन्दिर का रंग-रोगन एवं बिजली का रिपेयरिंग, महासमिति के द्वारा महावीर झंडे से पटेगा पूरा शहर। मुख्य अखाड़ा से अम्वाटिकर मोड़ तक, मुख्य अखाड़ा से माको मोड़ तक, मुख्य अखाडा.से बाईपास मोड़ तक लाउडस्पीकर लगाना एवं साथ ही मंगलवारी जुलूस मे अष्टमी जुलूस मे महानवमी जुलूस मे डीजे के साथ नगर भ्रमण। महानवमी के दिन लातेहार नगर के सभी दुकानों को बंद करा के जुलूस मे शामिल होने का निवेदन करना। लातेहार नगर के सभी अखाड़ों के अध्यक्ष समेत तमाम कार्यकर्ता को महासमिति के जुलूस मे भाग लेने का निवेदन करना। महानवमी के दिन जगह - जगह पर चना गुड़ व पानी की व्यवस्था करना, नवरात्र के प्रथम दिन से महानवमी तक महाआरती का आयोजन और प्रसाद वितरण करना, मुख्य अखाड़ा ध्वज स्थल व कार्यक्रम स्थल का साफ-सफाई करना, मुख्य अखाड़ा मे ताशा एवं तलवारबाजी का होगा आयोजन।


बैठक करते महासमिति के लोग।

**बैठक में ये रहे उपस्थित**

बैठक मे मुख्य रूप से मुख्य पुजारी त्रिभुवन पांडेय, महासमिति के महामंत्री अंकित पांडेय, कोषाध्यक्ष गौरव दास मीडिया प्रभारी गजेन्द्र प्रसाद, उपाध्यक्ष रविंद्र प्रजापती, कौशल पांडेय, अर्जुन पाठक, राजकुमार दास,उज्जवल कुमार, दीपक मिश्रा, रंजीत शाहू, राजन प्रसाद, उपेंद्र पासवान, मंत्री शुभम गुप्ता, सौरव पाठक, मोनू सिंह, विवेक सिंह, बिपिन कुमार, अभिनास विश्वकर्मा, नीरज रजक एवम सेकड़ो बजरंगी मौजूद थे। बैठक की समाप्ति कि घोषणा महासमिति के उपाध्यक्ष सौरव शाहू ने किया।

## महुआ चुनने के लिए जंगल मे लगायी जा रही है आग कई कीमती पेड़ पौधे जलकर हो रहे हैं खाक

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के वनक्षेत्रों मे महुआ चुनने के लिए लगाए जा रहे हैं आग, कई पेंड़ पौधे जलकर नष्ट हो रहा है। वन बचाने के लिए प्रचार प्रसार के माध्यम से वन विभाग द्वारा हर कोशिश की जा रही है। लेकिन वन क्षेत्र मे महुआ चुनने वाले द्वारा बेरोक टोक आग लगा रहे हैं। जिससे जंगल मे आग पूरी तरह फैल कर कई कीमती पेंड़ पौधे जलकर नस्ट हो रहे हैं। जंगल मे आग लगने पर वन विभाग पूरी तरह उदासीन है। आग बुझाने मे किसी तरह दिलचस्प नहीं ले रहे हैं। पुरे क्षेत्र मे महुआ चुनने के लिए जंगलो मे महुआ पेड़ के आसपास पत्तो को साफ-सफाई करने के लिए आग लगाई जा रही है। आग इतनी फैल जाती है की छोटे -छोटे पेड़ पौधे सहित जंगल मे रहने वाले वन प्राणियों रहना मुश्किल हो गया है। जंगल मे पाए जाने वाले कई जड़ी बूटीयां भी नस्ट होकर लुप्त होते जा रहा है। प्रत्येक वर्ष महुआ सीजन आते ही महुआ पेड़ के आस पास आग लगा देते है, ताकि उन्हें महुआ चुनने मे आसानी हो और आग लगाकर छोड़ देने से पुरे जंगल मे आग फैल जाती है। इसके बाद आग की लपेटे पुरे जंगल मे फैल जाता है। प्रकृति अपने नेचर के हिसाब से पतझड़ के बाद नए-नए पत्ते उगना शुरू कर देते हैं तभी आग से झूलस जा रहा है। सिबला पंचायत के झीरमतकोमा व सिबला मंडप के दक्षिण व पश्चिम छोर मे वन विभाग द्वारा लाखो खर्च कर पेंड़ लगाया गया था। आग लगने के बाद हजारों पौधा जलकर नस्ट हो गया है। वन सुरक्षा के लिए विभाग द्वारा बारियातू मे कई वनरक्षी पदास्थापित हैं। बारियातू मे बालूभाँग, फूलसु, अमरवाडीह, सिबला, झीरमतकोमा, गोनिया, भाटचतरा के चैनपूर जंगल, साल्वे, जबरा सहित कई वनक्षेत्र है। वन रक्षा के लिए ग्राम कमिटी का भी चयन किया गया है। इसके बावजूद भी जंगल मे आग लगने से नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। जंगलो की कटाई कोई नई बात नहीं है। जंगल भी तेजी से उजाड़े जा रहे हैं।


जंगल में लगा आग।

